# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## प्रेस–नोट

दिनांकः– **15.01.2025**

### ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र के संबंध में

**आर.ए.एस / आर.टी.एस. संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2023** के दिनांक 02.01.2025 को घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम दिनांक 11.01.2025 से 17.01.2025 तक भरवाए जा रहे है। ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र भरते समय कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अभ्यावेदन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु सूचित किया जाता है :–

1. ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र के **पद कोड / क्रम संख्या** कॉलम में **0 अथवा 1** अंकित करें।

2. **ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र का बिन्दु संख्या 16** – जिन अभ्यर्थियों ने उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय विशेष श्रेणी के वर्ग RG/NGE/DC/ME का विकल्प भरा गया है, ऐसे अभ्यर्थियों से ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 16 में सेवा का विवरण भरवाया जा रहा है। चूंकि उक्त विशेष श्रेणी हेतु केवल राजस्थान सरकार के कर्मचारी ही पात्र होते हैं इसलिए राजस्थान सरकार द्वारा जारी एम्पलोयी आई.डी. (Employee ID) ही स्वीकार्य है।

   जो अभ्यर्थी राजस्थान सरकार के कर्मचारी नहीं होकर केन्द्र सरकार / अन्य राज्य सरकार / अन्य विभागों के कर्मचारी है तथा उक्त विशेष श्रेणी का विकल्प चुना है ऐसे अभ्यर्थी **एम्पलोयी आई.डी. (Employee ID) की फील्ड(कॉलम) में (XXXX111122223333)** भरें।

   साथ ही ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने किसी भी सेवा के कर्मचारी नहीं के उपरांत भी उक्त विशेष श्रेणी का विकल्प चुना है ऐसे अभ्यर्थी उक्तानुसार एम्पलोयी आई.डी. (XXXX111122223333) का अंकन करते हुए शेष अनिवार्य फील्ड (कॉलम) में **वर्णमाला अक्षर(ककककक) / अंक(12345) / दिनांक (01 / 01 / 2025)** भरते हुए कॉलम की पूर्ति करें।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**